# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editor wagadsa ıdesh@gn ail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-199 सागवाड़ा, रविवार,27 मार्च, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# महिलाओं ने मनाया दशामाता पर्व

## पीपल वृक्ष पर कच्चे सुत का धागा लपेटकर की सुख-समृद्धि की कामना





**डूंगरपुर।** दशामाता का पर्व बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्रद्धालु महिलाओं ने पीपल के पेड़ की परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की। वही पीपल वृक्ष पर कच्चे सुत का धागा लपेटकर परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। इधर इस दौरान शक्तिपीठ और पूजा स्थल दशा माता के जयकारों से गूंज उठे । डूंगरपुर जिले में

चैत्र कृष्ण दशमी को मनाए जाने वाले दशा माता पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। सुबह मुहूर्त के अनुसार महिलाएं शृंगारित हो, नंगे पांव ही पूजा का थाल सजाकर पीपल पूजने के लिए निकल गई। पूजा थाल में तांबे का कलश, श्रीफल, अक्षत, चंदन, केसर, गुलाल, कपूर, सूत, दशामाता का धागा, गेहूं आदि सजाए हुए थे। शहर में पातेला अंबामाता मंदिर, घाटी रघुनाथजी राणी मंदिर, गेपसागर की पाल पर विजवामाता मंदिर, नवामहादेव मंदिर सहित जिले भर में पीपल की पूजा की गई। इस दौरान महिलाओं ने पीपल के वृक्ष के सात बार परिक्रमा कर घर की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की मन्नत मांगी।जिन महिलाओं की मन्नतें पूरी हुई उन्होंने बोली के अनुसार मन्नतें भी छोड़ी। महिलाओं ने कच्चा सूत हाथ में लेकर पीपल की प्रदक्षिणा की।

सूत को पीपल के चारों ओर लपेटा। इससे पहले महिलाओं ने पीपल के समीप पत्थर पूजन किया। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने दशा माता की कथा सुनी। वही महिलाओं के समूहों ने पीपल को देव रूप मान कर इच्छित प्राप्ति की कामना की। श्रद्धालुओं ने वहीं 10 मुट्ठी अनाज को पीस कर भोग के लिए गुड के लड्डू का प्रसाद बनाया , जिसे प्रसाद के रूप में खाया गया।

इधर डूंगरपुर शहर की गेप सागर की पाल पर विजवामाता मंदिर के पास पीपल पेड़ के पास पूजा-अर्चना के लिए नगरपरिषद की ओर से महिला श्रद्धालुओं के लिए छाया और पानी सहित अन्य विशेष इंतजाम किये गए।



# चैम्बर ऑफ कॉमर्स के लगातार 7 वीं बार अध्यक्ष बने के के गुप्ता



**डूंगरपुर।** जिले के सबसे बड़े व्यापारी संगठन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के द्विवार्षिक चुनाव आज मुख्यालय स्थित वागड़ गांधी सभागार में सम्पन्न हुए। इस दौरान जिले भर से आये व्यापारियों ने केके गुप्ता को सर्व सम्मति से चैम्बर का अध्यक्ष चुना । गुप्ता लगातार 7वी बार चैम्बर के अध्यक्ष बने है। अध्यक्ष बनने पर व्यापारियों ने उनका स्वागत किया। डूंगरपुर जिले के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के द्वी वार्षिक चुनाव शहर की वागड़ गांधी वाटिका में आयोजित हुए। इस दौरान जिलेभर के व्यापारी चुनाव में भाग लेने के लिए पहुंचे। चुनाव से पहले व्यापारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी व्यापारियों ने चैम्बर के वर्तमान अध्यक्ष के के गुप्ता को ही पुनः सर्व सम्मति से चेम्बर का अध्यक्ष चुना। के के गुप्ता लगातार 7 वी बार डूंगरपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष बने है। इधर केके गुप्ता के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा के साथ ही व्यापारियों ने केके गुप्ता ओर व्यापारी एकता जिंदाबाद के नारे लगाए साथ ही फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर आयोजित समारोह में व्यापारियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि उन्होंने अपने पिछले 6 कार्यकाल में व्यापारियों के हितों के लिए लड़ाई लड़ी और उनके हर दुःख दर्द में उनके साथ खड़े रहे इसलिए व्यापारियों ने सातवी बार भी संगठन की कमान उन्हें सौपी है। गुप्ता ने कहा कि डूंगरपुर जिला अहमदाबाद ओर उदयपुर जैसे बड़े जिलों के बीच स्थित है ऐसे में यंहा कोई बड़ा व्यापार पनप नही पाया। यंहा ज्यादातर व्यापारी छोटे है और बड़ी मुश्किल से अपना जीवन यापन कर रहे है। ऐसे में इन व्यापारियों को संरक्षण देना, इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाना ओर उनकी वाजिब मांगो को सरकार तक पहुचाते हुए राहत दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर गुप्ता ने व्यापारियों से संगठन को ब्लॉक स्तर पर मजबूत करने और नए सदस्य जोड़ने पर जोर देने का आव्हान भी किया। समारोह के दौरान अध्यक्ष केके गुप्ता ने प्रभुलाल पटेल को संगठन का महामंत्री नियुक्त किया।

# राज्यपाल ने ट्रॉफी प्रदान की

**जयपुर।** उदयपुर जिले की दो दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन राज्यपाल कलराज मिश्र रविवार सुबह चित्रकूटनगर स्थित महाराणा प्रताप खेल गांव पहुंचे।

यहां उन्होंने उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्व विद्यालय की मेजबानी में एस्ट्रो टर्फ कोर्ट पर आयोजित ऑल इंडिया इंटर जोनल हॉकी (महिला) चैंपियनशिप में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर और आईटीएमविश्वविद्यालय ग्वालियर के बीच आयोजित फाइनल मैच देखा और ट्रॉफी प्रदान की। चैम्पियनशिप के समापन समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल कलराज मिश्र ने विजेता जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर तथा उपविजेता आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की खिलाड़ियों को बधाई दी।

# स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल सीमलवाड़ा में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन




**सीमलवाड़ा।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सीमलवाडा में शनिवार रात को दिशा 2022 कार्यक्रम अंतर्गत वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा , अध्यक्षता प्रधान कारी लाल ननोमा, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य वीणा देवी कटारा, पंचायत समिति सदस्य महिंद्र भगोरा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कुमार डामोर, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धनपाल भोई, समाजसेवी दिनेश रोत, ईश्वर लाल, आशा देवी एवं पीटीए अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान , प्रशासनिक अधिकारी करण सिंह डामोर सहित के सानिध्य में समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। जिसमें स्वच्छता का संदेश दिया वही कारगिल युद्ध की मनोदशा से रूबरू कराया वही स्कूल कॉलेज कल्चर से भी रूबरू कराया।

समारोह में शैक्षिक सह शैक्षिक गतिविधियों में वर्ष पर्यंत उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्यार्थियों व शत-प्रतिशत परिणाम वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

स्वागत उद्बोधन प्रिंसिपल विद्युत सिंह चौहान ने दिया। संचालन राजेंद्र सिंह झाला ने किया।

# राजस्थान में आज से चलेगी लू

**जयपुर।** राजस्थान में मार्च महीने में जबरदस्त गर्मी शुरू हो गई है। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने आम आदमी को परेशान कर दिया है। 7 जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। वहीं, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों से प्रदेश में भीषण गर्मी के साथ लू चलने का अलर्ट भी जारी किया है। भारतीय मौसम केंद्र के मुताबिक आज से प्रदेश में गर्मी और बढ़ेगी।

इसकी वजह से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 2 दिन में प्रदेश के तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस का इजाफा होगा। इससे गर्मी और ज्यादा बढ़ेगी।

# नकली घी के संदेह पर आधी रात को डेयरी और खड़ी पिकअप पर कार्रवाई

## डेयरी सील, पिकअप से 44 टीन में मिला घी बनाने का सामान, स्वास्थ्य विभाग लेगा सैंपल

डूंगरपुर। जिले की दोवडा थाना पुलिस ने बीती रात पुनाली गाँव में नकली घी के संदेह में दबिश देकर एक डेयरी को सील किया है वही घी बनाने के काम में आने वाले सामान से भरी एक पिकअप को जब्त किया है 7 इधर स्वास्थ्य विभाग पकड़े गए सामान के सैंपल लेकर जांच करेगा। डूंगरपुर जिले के

दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की शनिवार रात के मुखबिर के जरिए सूचना मिली की पुनाली बस स्टैंड के पास एक दूध डेयरी पर नकली घी की हेरफेर हो रही है। मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर दोवडा थानाधिकारी कमलेश चौधरी के साथ पुलिस की टीम पुनाली पहुंची।

जब टीम पुनाली गाँव में पहुंची तो बस स्टैंड पर अमूल दूध भंडार की डेयरी के सामने एक पिकअप खड़ी थी। पास जाकर देखा तो पिकअप में ऑयल और घी बनाने के सामान के टीन भरे हुए थे। डेयरी के अंदर भी घी के कुछ टीन भरे हुए पड़े थे। वही इस सम्बन्ध में जब पुलिस ने दुकानदार प्रवीण पाटीदार से जानकारी चाही तो पुनाली निवासी दुकानदार प्रवीण कोई जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने पिकअप की तलाशी ली, जिसमे 15 -15 किलो के 44 टीन भरे हुए मिले है। इनमें घी बनाने का सामान भरा मिला। इसमें करीब 600 किलो से ज्यादा सामान भरा हुआ है।

थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की रात को स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई। लेकिन रात डेढ़ बजे तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो के नही आने पर पिकअप के साथ सामान को जब्त कर लिया है। वही डेयरी को सील कर दिया है। सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने कहा की पुलिस की ओर से जब्त ऑयल, डेयरी में तैयार घी समेत पूरे सामान के सैंपल लेकर लेबोरेट्री में जांच करवाई जायेगी।

# मुख्यमंत्री ने बाईजी के तालाब का किया अवलोकन मौलिक स्वरूप को संरक्षित रखते हुए विकास के दिए निर्देश



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को जोधपुर शहर के प्राचीन जलाशय बाईजी का तालाब का अवलोकन किया। उन्होंने इसके जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यीकरण की प्रस्तावित योजना की जानकारी ली। गहलोत ने जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाब के मूल हेरिटेज स्वरूप को बरकरार रखते हुए यहां पार्क, वॉक-वे और पार्किंग सुविधाओं को विकसित किया जाए। निरीक्षण के दौरान विधायक मनीषा पंवार, नगर निगम (उत्तर) महापौर कुंती देवड़ा परिहार, जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त डॉ. इंद्रजीत यादव सहित अन्य जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे। बाईजी का तालाब के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों से संवाद भी किया।

उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों से पूछा कि इस तालाब के पास विकास कार्य के रूप में उन्हें क्या चाहिए। इस पर सभी बच्चों ने एक स्वर में कहा, उन्हें यहां पार्क चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने देखा बरकतुल्लाह खान स्टेडियम ली जिला कलेक्टर व जेडीए आयुक्त से जानकारी

**जयुपर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा करवाए जा रहे अपग्रेडेशन व रिनोवेशन कार्यों का अवलोकन किया। राज्य बजट 2021-22 के तहत इस मैदान में अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन के उद्देश्य से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यों के प्लान व ले-आउट की जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता व जेडीए आयुक्त डॉ. इंद्रजीत यादव से जानकारी ली। उन्होंने मुख्य मैदान में लगाई हरी घास एवं प्रैक्टिस पिचों का अवलोकन किया। जिला कलेक्टर व जेडीए आयुक्त ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुख्य मैदान में लेवलिंग, नई घास लगाने, प्रैक्टिस मैदान निर्माण एवं इनमें इरिगेशन सिस्टम का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने साउथ पैवेलियन में वीआईपी कक्षों, अंपायर कक्ष एवं पैवेलियन निर्माण के बारे में जानकारी ली। जिला कलेक्टर व जेडीए आयुक्त ने बताया कि साउथ पैवेलियन का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वीआईपी कमरे व अंपायर रूम रिनोवेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पैवेलियन में फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसके 15 अप्रैल तक पूर्ण होने की संभावना है।उन्होंने नॉर्थ पैवेलियन व वेस्ट पैवेलियन में करवाए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम में विभिन्न प्रकार के फर्नीचर एवं उपकरणों का ऑर्डर दिया जा चुका है। सिविल कार्य पूर्ण होने के बाद सप्लाई की जानी है। स्टेडियम में कुर्सी लगाने के लिए डिजाइनिंग कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। स्टील स्ट्रक्चर निर्माण कार्य प्रगति पर है। साउथ पैवेलियन व नॉर्थ पैवेलियन में विद्युतीकरण, लिफ्ट, फायर फाइटिंग, एयर कंडीशनिंग कार्य व मुख्य मैदान तथा प्रैक्टिस मैदान में फ्लड लाइटिंग आदि कार्य प्रगति पर हैं।



स्टेडियम अवलोकन के दौरान राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल, महापौर कुंती देवड़ा, विधायक मनीषा पंवार, राज्य मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रमेश बोराणा, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, रीको डायरेक्टर सुनील परिहार, पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच, समाजसेवी जसवंत सिंह कच्छवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी अ उपस्थित थे।